PETROTECH-2019

13th INTERNATIONAL OIL & GAS CONFERENCE AND EXHIBITION
New Delhi-NCR, India

नई दिल्ली, 31 जनवरी 2019: 13वां अंतर्राष्ट्रीय तेल व गैस सम्मेलन और प्रदर्शनी भारत सरकार के पैट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे हैं। जिनका उद्घाटन 10 फरवरी 2019 को होगा।

आशा है की भारत के इस प्रमुख हाइड्रोकार्बन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री करेंगे। पैट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 95 से अधिक सहयोगी देशों के ऊर्जा मंत्रियों को इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इस तीन दिवसीय आयोजन में दर्शाया जाएगा की भारतीय तेल व गैस क्षेत्र में हाल के समय में बाजार व निवेशकों के अनुकूल क्या प्रगति हुई है। इस में 86 प्रख्यात वक्ताओं तथा 70 देशों के 7000 प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है जिनमें प्रौद्योगिकीविद, वैज्ञानिक, योजनाकार, नीति–निर्माता, प्रबंधन विशेषज्ञ, उद्यमी, सेवा प्रदाता और विक्रेता शामिल होंगे।

इस सम्मेलन के साथ–साथ इंडिया ऐक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में 20,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। पैट्रोटैक् 2019 प्रदर्शनी अन्वेषण व उत्पादन, प्रक्रिया नियंत्रण, रिफाइनिंग व पाइपलाइन एवं सेवाओं, प्रणालियों, उत्पादों, ऑयल फील्ड हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, विश्लेषी उपकरणों, नवीकरणीय, अनुसंधान और विकास, एचएसई, प्रशिक्षण और तकनीकी सामग्री के प्रकाशन आदि विषयों पर केन्द्रित होगी। 10 व 11 फरवरी को यह प्रदर्शनी आगंतुकों के लिए सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक तथा 12 फरवरी 2019 को दोपहर 2 बजे तक खुली रहेगी।

इस सम्मेलन में दो मंत्री–संबंधी सत्र एवं एक सीईओ कॉन्क्लेव होंगे जिनमें विदेशी मंत्रालयों के प्रतिनिधि, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख तथा तेल व गैस कंपनियों के टॉप सीईओ हिस्सा लेंगे। इसके अलावा, सम्मेलन में तीन परिपूर्ण सत्र और पांच विषयी सत्र भी होंगे, जिन्हें प्रतिष्ठित वक्ता व तकनीकी विशेषज्ञ संबोधित करेंगे तथा वैश्विक तेल व गैस उद्योग की जानीमानी हस्तियां इनमें शिरकत करेंगी।

साथ–साथ चलने वाले तकनीकी सत्रों में 300 से अधिक वक्ताओं द्वारा पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। मौखिक व पोस्टर, दोनों प्रकार के सत्रों में (सात डिजिटल पोस्टर सत्र) पैट्रोलियम टेक्नोलॉजी, अन्वेषण, ड्रिलिंग, उत्पादन व प्रसंस्करण, रिफाइनिंग व अन्य संबंधित पहलू शामिल होंगे।

पैट्रोटैक्–2019 प्रदर्शनी में 13 से अधिक कंट्री पैविलियन तथा 40 से अधिक देशों के करीबन 750 प्रदर्शक सहभागिता करेंगे। 'मेक इन इंडिया' और 'नवीकरणीय ऊर्जा' विषयों पर विशेष स्थल होंगे। कई स्टार्टअप कंपनियां पैट्रोटैक् के दौरान अपनी टेक्नोलॉजी एवं विकासकार्य को प्रदर्शित करेंगी।

–0–0–0–